**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to restore passenger train services-laid.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** कोरोना महामारी (कोविड-19) के दौरान के इस महामारी पर नियंत्रण करने के लिए सरकार ने ट्रेन व अन्य सेवाओं को बंद कर दिया था| अब आम आदमी की सुविधा को देखते हुए रेलवे द्वारा 1 मार्च 2021 से पैसेंजर ट्रेनों को स्पेशल ट्रेन का नाम देकर चलाने का कार्य किया है| जिसके तहत रेलवे द्वारा मेरे लोकसभा क्षेत्र चुरू में 12 ट्रेन चलाई गई है| पहले पैसेंजर ट्रेन का न्यूनतम किराया 10 रूपये होता था| लेकिन अब रेलवे द्वारा इन स्पेशल ट्रेन का न्यूनतम किराया 30 रूपये रखा गया है जो आम जनता पर भारी बोझ है। एक स्टेशन से चढ़कर दूसरे स्टेशन पर उतरने के दौरान न्यूनतम 30 रूपये देना होगा| गरीब, किसान व मजदूर लोगों के लिए यह किराया बहुत अधिक है । आमजन के लिए ट्रेन में यात्रा करना मुश्किल हो गया है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति पैसेंजर ट्रेनों का संचालन करवाने की व्यवस्था की जाए ।